

# परीक्षा प्रकोष्ठ विवरण 2016-17



श्रीमती पुष्पा ई.आर.वर्गीस

एन.एस.देहारी

महाविद्यालय का परीक्षा प्रकोष्ठ,प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में वर्ष भर में विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं को संपन्न करवाने का दायित्व निर्वहन करता है जिसमें वार्षिक परीक्षा के साथ–साथ सेमेस्टर परीक्षायें सम्मिलित होती हैं। वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल, मई माह में तीन पालियों में संपन्न होती है। प्रथम पाली सुबह 7 से 10 बजे में विज्ञान संकाय के साथ अब तक एम.ए. अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र की परीक्षा होती रही है द्वितीय पाली में (11 से 12 बजे) वाणिज्य संकाय के साथ एम.ए. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं एम. कॉम. की परीक्षायें होती हैं। तृतीय पाली में (3 से 6 बजे) बी.ए. की तीनों कक्षाओं की परीक्षायें होती हैं। तीनों पालियों को मिलाकर कुल 33 कक्षाओं परीक्षा वार्षिक स्तर पर सम्पन्न होती है। पूरक परीक्षा में 03 पालियों में 15 कक्षाओं की परीक्षायें होती रही हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर पद्धति से प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दिसम्बर – जनवरी माह में और एल.एल.बी. की सेमेस्टर परीक्षा जनवरी–फरवरी माह में संपन्न होती है। जिसमें कुल नौ विषयों की अर्थात् अठारह कक्षाओं की और एल.एल.बी. में 12 कक्षाओं की परीक्षा संपन्न होती है। दिसम्बर –जनवरी माह में सेमेस्टर पद्धति की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की ए टी के टी (पूरक) की भी परीक्षा होती है। इसी माह में पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए. की प्रथम सेमेस्टर की एवं बी. बी.ए. की प्रथम, तृतीय एवं पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा भी संपन्न होती है।

इसके पश्चात् वार्षिक परीक्षा मार्च माह से प्रारंभ होती है, जो मई माह तक चलती है। इसके समाप्त होने के पश्चात् सेमेस्टर परीक्षा का द्वितीय चरण प्रारंभ हो जाता है। मई–जून माह में पुनः 9 विषयों अर्थात् 18 कक्षाओं की परीक्षा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर एवं प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की ए टी के टी (पूरक) एवं बी.बी.ए. परीक्षायें संपन्न होती है। जून–जुलाई माह में एल.एल.बी. II,IV,VI, Sem. की 12 कक्षाओं की पुनः परीक्षा संपन्न होती है। जून माह में ही पी.जी.डी.सी.ए. की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें संपन्न होती है।

इन परीक्षाओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा वंदेमातरम् कॉलेज, काम्पटेक कॉलेज, जेनेसिस कॉलेज के विद्यार्थियों को भी परीक्षा केन्द्र उपलब्ध कराया जाता है। इन समस्त परीक्षाओं के प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाने उनके संरक्षण, उत्तर पुस्तिकाओं की मांग एवं संपन्न परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का संरक्षण एवं वि.वि. को प्रेषण का दायित्व निर्वहन महाविद्यालय का परीक्षा प्रकोष्ठ करता है। आस–पास के महाविद्यालयों की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के संग्रहण का केन्द्र भी महाविद्यालय है, इस कार्य का दायित्व भी परीक्षा प्रकोष्ठ वहन करता है।

इस कार्य का दायित्व वर्तमान में श्रीमती पुष्पा ई.आर.वर्गीस, सहा. प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) एवं प्रो. एन.एस. देहारी (वनस्पति विभाग) के कंधो पर है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के संचालन में श्री मिश्रीलाल यादव संतोष, सूरज कार्यालयीन सहायक के रूप में एवं कमल यादव, ईश्वर ध्रुव, किशन यादव,राकेश एवं आशीष एवं समय पर अन्य स्टॉफ भी सहभागी होता है। संपूर्ण वर्ष में लगभग 110 कक्षाओं के परीक्षा का संचालन समस्त स्टॉफ के सहायोग से संभव हो पाता है।

***श्रीमती पुष्पा ई.आर.वर्गीस***
परीक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी
सहा.प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)